जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे

ग्राम खोहा में दो परिवारों में हुए खूनी संघर्ष में दो घायल

सलामतपुर, 1 जुलाई. सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोहा में बुधवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गए. इस खूनी संघर्ष में दोनों ही पक्षों के 2 लोग घायल हुए हैं. जिन्हें इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. 1 युवक घायल युवक को विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है. पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

प्रथम पक्ष की फरियादी अंगूरी बाई अहिरवार (50) ने पुलिस को बताया कि उनका भैयालाल अहिरवार से जमीन का विवाद चल रहा है. बुधवार सुबह करीब 10 बजे जब वह भैयालाल की दुकान पर जमीन के सीमांकन की बात करने गईं, तो आरोपी भैयालाल, उसके बेटे जतिन और जानू अहिरवार ने उन्हें गंदी गालियां देना शुरू कर दिया. विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी और हाथ-मुक्कों से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ, पैर और पीठ में चोटें आईं. गवाहों के बीच-बचाव के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर उन्हें भगा दिया. पुलिस ने इस पक्ष की रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है.

वहीं, दूसरे पक्ष की फरियादी तुलसा बाई अहिरवार (65) ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि बुधवार सुबह वह अपने नाती ललित और ऋषभ के साथ घर पर थीं. तभी परिवार के अरविंद, नितेश, टीकाराम और अंगूरी बाई उनके घर के सामने आए और जमीन पर आपत्ति लगाने की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे. जब नाती ललित ने मना किया, तो आरोपियों ने लाठियों से हमला कर ललित, ऋषभ और तुलसा बाई को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया. जाते-जाते आरोपियों ने पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने इस शिकायत पर भी आरोपियों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया है.

इनका कहना है

खोहा गांव में बुधवार सुबह दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर लड़ाई-झगड़ा हुआ है. दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

श्यामराज सिंह,
थाना प्रभारी सलामतपुर

दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दो घायल

सलामतपुर. सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर मध्य भारत फैक्ट्री के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में जमुनिया गांव निवासी दो युवक सचिन लोधी उम्र 19 वर्ष, विजय लोधी उम्र 26 वर्ष दोनों घायल हो गए. दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई.घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सांची सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद दूसरी मोटरसाइकिल का चालक अपनी बाइक घटनास्थल पर छोड़कर मौके से फरार हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर छोड़ी गई मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लिया.पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है.

भाकिसं ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन

सिलवानी, 1 जुलाई. भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से किसानों से जुड़े तीन प्रमुख मुद्दों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई. ज्ञापन में संघ ने मांग की कि किसानों द्वारा उत्पादित मूंग की फसल का 100 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए तथा खरीदी प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े.

इसके अलावा किसानों ने यूरिया एवं अन्य उर्वरकों के वितरण में लागू ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग उठाई. उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है. भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि बिजली विभाग द्वारा लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहे हैं. संघ ने मांग की कि अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद की जाए तथा किसानों को सही वोल्टेज के साथ प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए.

भारतीय किसान संघ जिला इकाई रायसेन ने उम्मीद जताई कि शासन किसानों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका निराकरण करेगा. इस दौरान किसान संघ संभाग मंत्री राघवेंद्र रावत, भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत जिला मंत्री महेंद्र रघुवंशी, ब्लॉक मंत्री तुलसीराम साहू, जिला सदस्य अजय मिश्रा, जनपद सदस्य मोहन मुरारी रघुवंशी, प्रेम नारायण दुबे, शिव पुराण रघुवंशी, बृजेश कौरव, सुरेंद्र कौरव सहित बड़ी संख्या किसान उपस्थित रहे.

प्रथम नगरागमन पर अग्निवीर का स्वागत

बेगमगंज, 1 जुलाई. अग्निवीर का छः माह का सफल प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रथम नगर आगमन पर नया बस स्टैंड पर नगर के समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, परिजनों, शुभचिंतकों ने फूल माला पहना कर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर, मुंह मीठा कराया.

बुधवार को नया बस स्टैंड पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष राय, कमल सिंह साहू, हरिनारायण, पार्षद गुलाब रजक, सरपंच प्रतिनिधि सुखवीर सिंह ठाकुर, शुभम दुबे गुड्डा यादव, अनिल चौरसिया, विपिन सिंह घोषी गजेन्द्र सिंह ठाकुर राजेन्द्र यादव सहित सभी ने फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया. इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे. युवा अग्निवीर गब्बर सिंह घोषी ग्राम पिपलिया घोषी के निवासी हैं इनकी तैनाती असम में हुई है इनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजन, मित्रों सहित सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है.

एक नजर में

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

रायसेन, 1 जुलाई. माह जुलाई 2026 के प्रथम कार्यदिवस 01 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र-गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया. इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्कूल रेडीनेस मेला-2 आज

रायसेन/ सलामतपुर, 1 जुलाई. महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की साझेदारी में समर कैम्प 2026 स्कूल के लिए तैयारी कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को सलामतपुर सहित रायसेन जिले की समस्त 61 सेक्टरों एवं 1,800 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्कूल रेडीनेस मेला-2 का आयोजन किया जाएगा. यह मेला एक माह तक चले माता सहभागिता कार्यक्रम का समापन है, जिसकी शुरुआत 26 मई को प्रथम स्कूल रेडीनेस मेले से हुई थी. उस मेले में 5-6 वर्ष के बच्चों का शारीरिक, संज्ञानात्मक, भाषा एवं साक्षरता, संख्या ज्ञान तथा सामाजिक-भावनात्मक विकास में आकलन किया गया था. इसके पश्चात जिले भर की माताओं को प्रतिदिन 'एक खेल, एक कहानी, एक कविता' थीम पर व्हाट्सएप वीडियो भेजे गए, जिससे वे घर पर ही सरल, खेल-आधारित गतिविधियाँ अपने बच्चों के साथ कर सकें. महिला एवं बाल विकास विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मेला केवल एक आकलन नहीं है, यह पिछले एक माह में परिवारों ने मिलकर जो हासिल किया है, उसका उत्सव है. माताएँ अपने बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने में सक्रिय सहभागी बन चुकी हैं.

खुले तार से करंट लगने से बैल की मौत

बेगमगंज, 1 जुलाई. नगर के भोपाल-सागर मुख्य मार्ग पर स्थित कृषि उपज मंडी के सामने स्ट्रीट लाइट की खुली केबल की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई. गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई राहगीर या वाहन चालक करंट की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कृषि उपज मंडी के सामने लगे स्ट्रीट लाइट पोल की विद्युत लाइन के तार और केबिल के ज्वाइंट लंबे समय से खुले पड़े हुए हैं. मंगलवार को बारिश के दौरान एक बैल सड़क किनारे पहुंची और करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भोपाल-सागर मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की भूमिगत केबिलों के ज्वाइंट खुले पड़े हुए हैं, जो बारिश के मौसम में लगातार खतरा बने हुए हैं. हाल ही में मुख्य मार्ग पर लगाए गए लोहे के डिवाइडरों के कारण भी करंट फैलने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता. नगरवासियों ने अधिकारियों से मांग की है कि मुख्य मार्ग पर लगे सभी स्ट्रीट लाइट पोलों और विद्युत केबिलों की तत्काल जांच कराई जाए तथा खुले ज्वाइंट और तारों को सुरक्षित किया जाए.

छात्रवृत्ति आवेदन 31 अक्टूबर तक

रायसेन, 1 जुलाई. श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. योजना के अंतर्गत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत संतानों को स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी. उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को पात्र विद्यार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा समय-सीमा में आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं. उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर एक जून से प्रारंभ हो चुके हैं. पात्र विद्यार्थी 31 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. विभाग ने महाविद्यालयों से अधिकाधिक पात्र विद्यार्थियों को योजना से जोड़ने और उनके आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा है.

जिले में अब तक 131.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायसेन. जिले में 01 जून 2026 से 01 जुलाई 2026 तक 131.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई तथा गत वर्ष इसी अवधि में 236.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून 2026 से 01 जुलाई 2026 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 174.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 113, बेगमगंज में 269.2, सिलवानी में 111.8, गौहरगंज में 102.7, बरेली में 121.6, उदयपुरा में 174, बाड़ी में 88, सुल्तानपुर में 86.3 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 72.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. जिले में बीते 24 घंटे में 01 जुलाई 2026 को सुबह तक 7.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 0 मिलीमीटर, गैरतगंज में 02, बेगमगंज में 52.4, सिलवानी में 01, गौहरगंज में 0, बरेली में 16.6, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है.

आजीविका मिशन वीबी जी-राम जी का शुभारंभ आज

रायसेन, 1 जुलाई. ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका संवर्धन तथा टिकाऊ ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीवीजी रामजी का प्रदेशव्यापी शुभारंभ 2 जुलाई को किया जाएगा. शुभारंभ के अवसर पर मध्यप्रदेश के सभी जिलों के साथ ही रायसेन जिले में भी जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की सदस्याएँ, श्रमिक, हितग्राही, युवा तथा स्थानीय नागरिक सहभागिता करेंगे.

कलेक्ट्रेट कॉलोनी में गिरा पुराना पेड़

बुजुर्ग की बाल बाल बची जान, कार क्षतिग्रस्त

रायसेन, 1 जुलाई. नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित कलेक्ट्रेट कॉलोनी में एक विशाल पेड़ स्कूल की बाउंड्री पर जा गिरा जिससे बहा से गुजर रहे एक बुजुर्ग की बाल-बाल जान बाजी. जानकारी के अनुसार शहर की कलेक्ट्रेट कॉलोनी में बुधवार दोपहर एक पुराना विशाल पेड़ अचानक गिर गया था पेड़ शासकीय क्वार्टर परिसर से गिरते हुए स्कूल की बाउंड्री वॉल तोड़कर परिसर तक पहुंच गया, जिससे कुछ देर के लिए रास्ता बंद हो गया.

गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ गिरने के समय एक बुजुर्ग साइकिल से वहां से गुजर रहे थे. पेड़ उनकी साइकिल पर गिर गया, जिससे साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन बुजुर्ग सुरक्षित बच निकले. जानकारी के मुताबिक, पेड़ थाना कोतवाली में पदस्थ पुलिस जवान केशव रघुवंशी के शासकीय क्वार्टर परिसर में लगा था. वहीं पास में एक दूसरा पेड़ भी एक शासकीय क्वार्टर पर गिर गया. पेड़ गिरने से बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए प्रभावित रही.

भू-अभिलेखों के डिजिटाइजेशन से भूमि रिकॉर्ड प्राप्त करना होगा आसान

रायसेन, 1 जुलाई. प्रदेश के नागरिकों को भूमि संबंधी सरकारी अभिलेखों की सहज, त्वरित और पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ पुराने भू-अभिलेखों के सुरक्षित संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. इसी उद्देश्य से डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में चरणबद्ध रूप से डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है.

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से राज्य के लगभग 15 करोड़ पुराने भू-अभिलेख रिकॉर्ड का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिसके लिए दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली और डीबीईएस सॉफ्टवेयर विकसित किए जा रहे हैं. परियोजना में जिला स्तर पर अत्याधुनिक स्कैनिंग केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं.

दस्तावेजों की सुरक्षित स्कैनिंग, मेटा-डाटा एंट्री और भोपाल में डीबीईएस आधारित डबल-बाइंड डेटा एंट्री की व्यवस्था की गई है. दूसरे चरण में भोपाल एवं सागर संभाग के 11 जिलों में जुलाई 2026 से कार्य प्रारंभ किया जाएगा. इसके लिए संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं.

युवा संगम 14 को

रायसेन. जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने कलेक्टर के निर्देशानुसार 14 जुलाई को रायसेन स्थित पीएम उत्कृष्ट स्वामी विवेकानंद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इस युवा संगम कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता कराते हुए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं. इस युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी.

भलावी ने एसडीएम का कार्यभार संभाला

बेगमगंज. पिछले 3 वर्ष से पदस्थ एसडीएम सौरभ मिश्रा का स्थानांतरण उपायुक्त नगर निगम जबलपुर के पद पर होने से बेगमगंज एसडीएम का पद रिक्त था. बुधवार को नर्मदापुरम से स्थानांतरित होकर आई परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भलावी को बेगमगंज एसडीएम के पद पदस्थ किया गया है. उन्होंने बुधवार को बेगमगंज पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है. जिनका एसडीएम एवं तहसील कार्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया.

चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

ग्रामीणों ने कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी

देवरी, (रायसेन)1 जुलाई. ग्राम पंचायत दिघावन के ग्रामीणों ने तहसीलदार जयपाल शाह उइके को ज्ञापन सौंपकर गौशाला के लिए शासकीय चरनोई भूमि (खसरा नंबर 478) को दबंगों से अतिक्रमण मुक्त कर भूमि आवंटित करने की मांग की है.

ग्रामीणों का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद अब तक भूमि आवंटन नहीं किया गया है. पंचायत क्षेत्र में लगभग 1000 आवारा गौवंश घूम रहे हैं, जिससे किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनों से वे प्रशासन के समक्ष आवेदन दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने मांग की है कि चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर गौशाला निर्माण के लिए उपलब्ध कराया जाए, ताकि आवारा गौवंश की समस्या का स्थायी समाधान हो सके. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो 5 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक एनएच-45 पपलई मोड़ पर चक्काजाम किया जाएगा.

नुक्कड़ नाटक से दिया साइबर ठगों से बचाव का संदेश

ब्राइट फ्यूचर स्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

सलामतपुर, 1 जुलाई.बढ़ते डिजिटल युग में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आम जनता को जागरूक करने के लिए रायसेन पुलिस लगातार मुस्तैद है. पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के कुशल निर्देशन में पूरे जिले में 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है.

इसी कड़ी में बुधवार को सलामतपुर कस्बे के ब्राइट फ्यूचर स्कूल में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया. कार्यक्रम के दौरान ब्राइट फ्यूचर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया. बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से डिजिटल दुनिया में होने वाली धोखाधड़ी, जैसे, फर्जी लिंक पर क्लिक करना, लॉटरी के झांसे में आना, ओटीपी शेयर करना और सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने के खतरों को बखूबी दर्शाया.

नाटक के जरिए संदेश दिया गया कि हमारी एक छोटी सी लापरवाही बड़े वित्तीय या मानसिक नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है.

मौके पर उपस्थित सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह और चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की. उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन नंबर और सुरक्षित ब्राउजिंग के व्यावहारिक टिप्स भी दिए. इस दौरान आरक्षक रोहित गोस्वामी, ब्राइट फ्यूचर स्कूल के संचालक मिर्जा हसीब बेग छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ▶ भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन

बैंककर्मियों और खातेदारों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

बेगमगंज, 1 जुलाई. भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर बुधवार को बैंक कृषि वाणिज्यिक शाखा द्वारा बैंक के वरिष्ठ खातेदारों, नागरिकों एवं बैंक स्टॉफ का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराया गया.

भा.स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक तेजस्वी पटेल के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल से डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ के द्वारा 50 खातेदारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें अधिकांश को बुखार, ब्लडप्रेशर, शुगर, जोड़ों का दर्द जैसी बीमारियों से ग्रस्त पाए जाने पर उन्हें मौके पर ही चिकित्सा परीक्षण एवं अन्य जांचों के बाद निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया.

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक पटेल ने बैंक क खातेदारों का स्वागत करने के साथ ही मार्गदर्शन देते हुए बैंकिंग सेवाओं और योजनाओं से संबंधित जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में बताया और बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं के संबंध में सुझाव लिए.

कार्यक्रम में मौजूद खातेदारों द्वारा बैंक सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजना की सराहना कर संतुष्टि व्यक्त करते हुए, प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित किया. साथ ही बैंक को हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया. इस अवसर पर कई ग्राहक उपस्थित थे.